LATEST NEWS

# Election

## Date : 19th Jan. 2026

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक भास्कर कोटा 19-01-2026

SIR **विवाद पहली बार थाने में** • भाजपा नेताओं-अफसरों पर एफआईआर की मांग

# जिंदा लोगों के नाम कटवाने की आपत्ति भाजपा के दो BLA की 7 शिकायतें दी

सिटी रिपोर्टर | कोटा

एसआईआर में नाम काटने के लिए दी जा रही आपत्तियों का मामला पुलिस तक पहुंच गया। रविवार को कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष राखी गौतम की अगुवाई में कई पीड़ित विज्ञाननगर थाने पहुंचे। वहां 7 पीड़ितों की तरफ से भाजपा के 2 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) केसरी लाल व आकाश खुराना के खिलाफ रिपोर्ट देकर झूठी आपत्तियां देने वाले बीएलए के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

**भास्कर फॉलोअप**



19 जनवरी को प्रकाशित खबर।

थाने में उड़िया बस्ती संजय नगर के निवासी शाहनवाज खान, जरार हुसैन, रिजवाना, मोहम्मद फैज व सुल्तान ने बीएलए केसरीलाल के खिलाफ और सेक्टर-3 विज्ञाननगर के रियाज व निलोफर ने आकाश खुराना के खिलाफ शिकायत दी। इनमें लिखा है कि- जिंदा होने के बावजूद बीएलए ने फॉर्म-7 पेश किया, जबकि मैं जीवित हूं। जिला निवार्चन अधिकारी ने बिना नोटिस दिए मतदाता अधिकार समाप्त करने का प्रयास किया। बीएलओ पर दबाव बनाकर नाम काटने की प्रक्रिया अपनाई। यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 22, 23, 31 का उल्लंघन है। भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 198, 217, 61, 318 के तहत दंडनीय है। दोनों बीएलए व दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज हो।



सीआई मुकेश मीणा और जिलाध्यक्ष राखी गौतम में बहस।



पुलिस को दी शिकायत।

## थाने में कांग्रेस के हंगामे के बाद सीआई ने शिकायतें ली

शहर कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम ने आरोप लगाया कि विज्ञाननगर में भाजपा के बीएलए ने साजिश के तहत कांग्रेस समर्थित मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए आपत्तियां दर्ज करवाई। तरुण चतुर्वेदी, हरीश गौतम, मनाजीर हुसैन, यश नागर, विवेक मीणा, कांग्रेस महासचिव डॉ. विजय सोनी, निवर्तमान पार्षद कपिल शर्मा, अनुराग गौतम, मनोज गुप्ता, प्रफुल्ल पाठक, ब्लॉक अध्यक्ष जयेश श्रृंगी, मंडल अध्यक्ष शहजाद खान, प्रेम पालीवाल, संजय जैन, मनीष भारद्वाज मौजूद थे। कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने सीआई मुकेश मीणा को एफआईआर दर्ज करने के लिए शिकायतें दीं। उन्होंने कहा कि शिकायतें रिटर्निंग अधिकारी को दें। इनकी जांच वहीं से होगी। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व सीआई में बहस हो गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विज्ञाननगर में रहने वालों के नाम फर्जी तरीके से काटे जा रहे हैं तो पुलिस जांच क्यों नहीं करेगी? इसके बाद पुलिस ने शिकायत ले ली। सीआई मीणा का कहना कि सभी शिकायतें रिटर्निंग ऑफिसर के पास भिजवा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस सदस्य क्रांति तिवारी ने भी रविवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर वीरेंद्रसिंह यादव को ज्ञापन दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बीएलए पर मुकदमा दर्ज करें।

# ईएलसी स्लोगन प्रतियोगिता में गुंजन और बबीता प्रथम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी धौलपुर श्रीनिधि बीटी द्वारा दिए गए निर्देशों में विद्यार्थियों को रोचक गतिविधियों और व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ने एवं निर्वाचन संबंधी प्रचलित शब्दावली एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देने हेतु निर्वाचन साक्षरता क्लबों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। निर्देशों की पालना में कोटपुरा स्कूल में ईएलसी सदस्यों के लिए स्लोगन निर्माण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

ईएलसी सदस्यों ने 'जागरूक मतदाता की यह पहचान, सोचे समझे करे नैतिक मतदान', 'ईएलसी का यह संदेश, वोटर कोई रहे न शेष' जैसे स्लोगन लिखकर अपनी भावनाओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से पूर्व प्रधानाचार्य अतुल चौहान ने चुनाव संबंधी शब्दावली में इसीआई, ईएलसी, नैतिक मतदान, चुनावी एप, लोकतंत्र जैसे शब्दों को लेकर मौलिक स्लोगन लेखन के विद्यार्थियों को निर्देश दिए। प्रतियोगिता में दो-दो के समूह में कक्षा 11 और 9 के एक-एक सदस्य को शामिल किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्य फैरन सिंह और अर्जुन सिंह द्वारा थीम से प्रासंगिकता, मौलिकता, प्रभाव, संक्षिप्तता के आधार पर निर्णय देते हुए गुंजन बबीता ग्रुप को प्रथम, विपल सत्येंद्र को द्वितीय पुरस्कार हेतु चयनित किया। चौहान ने ईएलसी के नए सदस्यों को अपने सीनियर सदस्यों के साथ पीयर ग्रुप बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने तथा स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने में के बारे में जानकारी प्राप्त करने को कहा। इस अवसर पर रवि कुमार, श्रीगोविन्द, मनोज गर्ग,अतिवीर सिंह, महेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# ईएलसी स्लोगन प्रतियोगिता में कोटपुरा की गुंजन, बबीता प्रथम

भास्कर न्यूज | मनिया

विद्यार्थियों को निर्वाचन संबंधी प्रचलित शब्दावली एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देने हेतु निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा कोटपुरा स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ईएलसी सदस्यों के लिए स्लोगन निर्माण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संविधान ने दिया हमें अधिकार,तो वोट देने से क्यूं इंकार , जागरूक मतदाता की यह पहचान, सोचे समझे करे नैतिक मतदान, ईएलसी का यह संदेश, वोटर कोई रहे न शेष जैसे स्लोगन लिखकर ईएलसी सदस्यों ने अपनी भावनाओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से पूर्व प्रधानाचार्य अतुल चौहान ने चुनाव संबंधी शब्दावली में इसीआई, ईएलसी, नैतिक मतदान, चुनावी एप, लोकतंत्र जैसे शब्दों को लेकर मौलिक स्लोगन लेखन के विद्यार्थियों को निर्देश दिए। प्रतियोगिता में दो-दो के समूह में कक्षा 11 और 9 के एक-एक सदस्य को शामिल किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्य फैरन सिंह और अर्जुन सिंह द्वारा थीम से प्रासंगिकता, मौलिकता, प्रभाव, संक्षिप्तता के आधार पर निर्णय देते हुए गुंजन बबीता ग्रुप को प्रथम, विपल सत्येंद्र को द्वितीय पुरस्कार हेतु चयनित किया। इस अवसर पर रवि कुमार, श्रीगोविन्द, मनोज गर्ग,अतिवीर सिंह, महेंद्र सिंह उपस्थित रहा।

# स्लोगन प्रतियोगिता में कोटपुरा की गुंजन और बबीता प्रथम




**धौलपुर.** प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

**धौलपुर**. विद्यार्थियों को रोचक गतिविधियों और व्यावहारिक अनुभवों से जोडने, निर्वाचन संबंधी प्रचलित शब्दावली एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देने के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लबों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। जिसको लेकर कोटपुरा स्कूल में ईएलसी सदस्यों के लिए स्लोगन निर्माण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। ईएलसी सदस्यों ने 'जागरूक मतदाता की यह पहचान' सोचें समझें करें नैतिक मतदान, ईएलसी का यह संदेश वोटर कोई रहे न शेष जैसे स्लोगन लिखकर अपनी भावनाओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से पूर्व प्रधानाचार्य अतुल चौहान ने चुनाव संबंधी शब्दावली में इसीआई, ईएलसी, नैतिक मतदान, चुनावी एप, लोकतंत्र जैसे शब्दों को लेकर मौलिक स्लोगन लेखन के विद्यार्थियों को निर्देश दिए। प्रतियोगिता में दो-दो के समूह में कक्षा 11 और 9 के एक-एक सदस्य को शामिल किया गया। निर्णायक मंडल के सदस्य फैरन सिंह और अर्जुन सिंह ने थीम से प्रासंगिकता, मौलिकता, प्रभाव, संक्षिप्तता के आधार पर निर्णय देते हुए गुंजन बबीता ग्रुप को प्रथम, विपल सत्येंद्र को द्वितीय पुरस्कार के लिए चयन किया। चौहान ने ईएलसी के नए सदस्यों को अपने सीनियर सदस्यों के साथ पीयर ग्रुप बनाकर जागरूक करने तथा विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने में के बारे में जानकारी प्राप्त करने को कहा। इस अवसर पर रवि कुमार, गोविन्द, मनोज गर्ग, अतिवीर सिंह, महेंद्र मौजूद थे।

## प्रदेशाध्यक्ष चोपदार का हुआ स्वागत

# कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं: चोपदार

**बालोतरा/नवज्योति।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार के बालोतरा आगमन पर पचपदरा के पूर्व विधायक मदन प्रजापत के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया



इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनसे मुलाकात की तथा संगठनात्मक विषयों पर संवाद किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष चोपदार ने कहा कि वर्तमान में चल रही एस.आई.आर. प्रक्रिया के तहत भाजपा सरकार द्वारा सुनियोजित तरीके से कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, जो कि संविधान प्रदत्त मताधिकार पर सीधा हमला है। उ बाड़मेर-जैसलमेर-बालो तरा के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार किसान एवं मजदूर विरोधी सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा के नियमों में बदलाव कर योजना को कमजोर किया जा रहा है, जो कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय है। पूर्व विधायक मदन प्रजापत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अब और अधिक मजबूती से मैदान में उतरकर मेहनत करनी होगी। अल्पसंख्यक विभाग के बालोतरा जिलाध्यक्ष हाजी मुसे खान ने प्रदेशाध्य एम.डी. चोपदार का बालोतरा आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ धरातल पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार, सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व विधायक मदन प्रजापत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियंका मेघवाल, अल्पसंख्यक विभाग बालोतरा जिलाध्यक्ष हाजी मुसे खान, रतनलाल खत्री, बाबू खान कलर, अयूब खान, अयूब खान कुरैशी, अशरफ अली, दिने खान, मूसे खान, सलीम खिलेरी, फिरोज खान, आरिफ छिपा, फिरोज घड़ोई, उमरदीन मेहर, रमजान खान, गिरधारी चौधरी, यासीन तेली, मोहमद खान, निजामुदीन, फिरोज मलिक, पारस तिरगर, मांगीलाल सांखला, खेराजराम हुड्डा, रमेश पटेल, राजू जीनगर, राजेंद्र प्रजापत, सुगेंद्र बॉस, रवि जाटोल, नेमाराम जाखड़, डूंगर चौधरी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### कांग्रेस की बैठक: अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष चोपदार ने कहा-

# कांग्रेस समर्थकों के नाम काटे जा रहे, हर बूथ पर मतदाता सूची की जांच करें

## कांग्रेस नेताओं ने एसआइआर प्रक्रिया और मनरेगा में बदलाव को लेकर उठाए सवाल

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बालोतरा.** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एमडी चोपदार ने कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर संगठनात्मक विषयों पर संवाद किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रही एसआइआर प्रक्रिया के तहत भाजपा सरकार की ओर से सुनियोजित तरीके से कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, जो संविधान प्रदत्त मताधिकार पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रत्येक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता को अपने-अपने बूथ पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची की गंभीरता से जांच करनी होगी।



बालोतरा। कांग्रेस बैठक को संबोधित करते पूर्व विधायक मदन प्रजापत।

सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने भाजपा सरकार को किसान एवं मजदूर विरोधी बताते हुए कहा कि मनरेगा के नियमों में बदलाव कर योजना को कमजोर किया जा रहा है, जो किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय है। मनरेगा जैसी योजना से रेगिस्तानी जिलों में ग्रामीणों को काफी संबल मिला है।

पूर्व विधायक मदन प्रजापत ने कहा कि कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को और अधिक मजबूती से मैदान में उतरकर मेहनत करनी होगी। उन्होंने प्रत्येक बूथ को मजबूत करने, मतदाता सूची की जांच करने तथा फर्जी मतदाताओं के नाम हटाने को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष हाजी मुसे खान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ धरातल पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रियंका मेघवाल, रतनलाल खत्री, बाबू खान कलर, अयूब खान, अशरफ अली, सलीम खिलेरी, फिरोज खान, आरिफ छिपा, रमजान खान, गिरधारी चौधरी, यासीन तेली, मांगीलाल सांखला, रमेश पटेल, राजू जीनगर, राजेंद्र प्रजापत, नेमाराम जाखड़, डूंगर चौधरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परेऊ मंडल में मतदाता सूची से नाम हटाने का कांग्रेस ने जताया विरोध

भास्कर न्यूज | हीराकीढाणी

बायतु विधानसभा क्षेत्र के परेऊ मंडल अंतर्गत मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर कांग्रेस ने आरोप लगाए हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से सुनियोजित तरीके से फर्जी फ़ॉर्म-6 व फ़ॉर्म-7 जमा करवाकर मतदाता सूची में हेरफेर की जा रही है।

कांग्रेस परेऊ मंडल अध्यक्ष दिने खां ने बताया कि परेऊ मंडल के खोखसर पूर्व बूथ पर मिरासी (ढाढ़ी) समाज के करीब 10 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फ़ॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए। इस संबंध में खोखसर पूर्व बूथ के कांग्रेस बीएलए चौखाराम की ओर से बूथ स्तर पर औपचारिक आपत्ति दर्ज कराई गई है। इसी प्रकार करालिया बेरा बूथ पर मुस्लिम समुदाय के 51 मतदाताओं के नाम काटने के लिए फ़ॉर्म-7 जमा किए जाने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण में करालिया बेरा बूथ के कांग्रेस बीएलए आरभ खां ने भी बूथ स्तर पर शिकायत दर्ज कराई गई है। दिने खां ने कहा कि यह मामला केवल एक-दो बूथों तक सीमित नहीं है, बल्कि परेऊ मंडल सहित पूरे बायतु विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों पर फ़ॉर्म-6 व फ़ॉर्म-7 के दुरुपयोग के माध्यम से वंचित, पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के मताधिकार को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया। कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि फर्जी फॉर्म जमा कराने वालों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा जिन मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने का प्रयास किया गया है, उनके मताधिकार की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो पार्टी को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

# मतदाता सूची से नाम काटने का आरोप

**हीरा की ढाणी @ पत्रिका.** बायतु विधानसभा क्षेत्र के परेऊ मंडल में कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर मतदाता सूची में हेरफेर के उद्देश्य से फर्जी फॉर्म-6 और 7 जमा कराने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष दिने खान ने बताया कि परेऊ मंडल के खोखसर पूर्व बूथ पर मिराशी (ढाढ़ी) समाज के करीब 10 मतदाताओं के नाम हटाने के लिए फॉर्म-7 प्रस्तुत किए गए। इस संबंध में खोखसर पूर्व बूथ के कांग्रेस बीएलए चौखाराम ने बूथ स्तर पर विधिवत आपत्ति दर्ज कराई है। इसी प्रकार करालिया बेरा बूथ पर मुस्लिम समुदाय के 51 मतदाताओं के नाम काटने के लिए फॉर्म-7 जमा किए जाने का मामला सामने आया है। करालिया बेरा बूथ के कांग्रेस बीएलए आरभ खान ने भी बूथ स्तर पर शिकायत दर्ज कराई है। बायतु विधानसभा क्षेत्र में वंचित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के मताधिकार को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# भाजपा सरकार कांग्रेस वोटर्स के नाम सुनियोजित तरीके से काट रही:चोपदार

भास्कर न्यूज | बालोतरा


बालोतरा . कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व विधायक।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार के आगमन पर पचपदरा के पूर्व विधायक मदन प्रजापत के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार ने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनसे मुलाकात की तथा संगठनात्मक विषयों पर संवाद किया। प्रदेशाध्यक्ष चोपदार ने कहा कि वर्तमान में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत भाजपा सरकार की ओर से सुनियोजित तरीके से कांग्रेस समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, जो कि संविधान प्रदत्त मताधिकार पर सीधा हमला है। बाड़मेर-जैसलमेर-बालोतरा के सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार किसान एवं मजदूर विरोधी सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की ओर से मनरेगा के नियमों में बदलाव कर योजना को कमजोर किया जा रहा है, जो कि किसानों व मजदूरों के साथ अन्याय है। पूर्व विधायक मदन प्रजापत ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अब और अधिक मजबूती से मैदान में उतरकर मेहनत करनी होगी।

सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियंका मेघवाल, अल्पसंख्यक विभाग बालोतरा जिलाध्यक्ष हाजी मुसे खां, रतनलाल खत्री, बाबू खां कलर, अयूब खां, अयूब खां कुरैशी, अशरफ अली, दिने खां, मूसे खां, सलीम खिलेरी, फिरोज खां मौजूद रहे।